Samachar Jagat, Jaipur	24 Nov. 2023	Page No.

जेकेएलयू की कन्वोकेशन सेरेमनी में 191 स्टूडेंट्स को डिग्री, 6 को गोल्ड मैडल

एम्प्लॉयमेंट के साथ संस्कारों का समावेश भी जरूरी : रघुपति

समाचार जगत न्यूज

जयपुर. एम्प्लॉयबिलिटी के साथ ही इंटीग्रिटी, ईमानदारी और संस्कारों का समावेश भी अत्यधिक जरूरी है, तब ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होगा। ये बात कही जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर रघुपति सिंघानिया ने। वे गुरुवार को यूनिवर्सिटी के ग्यारहवें कन्वोकेशन एंड फाउंडर्स डे सेरेमनी के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन जेकेएलयू के फाउंडर लक्ष्मीपत सिंघानिया के जन्म दिवस पर हर वर्ष आयोजित होता है। इस अवसर पर 191 स्टूडेंट्स को डिग्री एवं 6 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल दिया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स कृष्ण जालान, अंश भाटिया, तन्मय अग्रवाल, सिम्मनप्रीत सिंह, खुशबू रामोत और खुशी गर्ग थे। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर सिंघानिया ने यूनिवर्सिटी के गत 11 वर्षों में प्राप्त किए गए अचीवमेंट एवं ग्लोबल लेवल पर विभिन्न यूनिवर्सिटीज के साथ टाई अप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्रदेश में बेस्ट प्रोमिसिंग यूनिवर्सिटी के लिए मिले फर्स्ट अवार्ड, पहली बार में ही ए प्लस नैक एक्रिडेशन जैसी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को जॉब रेडी के साथ लाइफ रेडी बनाने की बात कही। इस अवसर पर नेस्ले इंडिया के सीएमडी सुरेश नारायणन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने स्टूडेंट्स को बेहतर करने के लिए मोटिवेट किया, कहा कि दुनिया टूटी हुई है, कम्पैशनेट बनिए, सफलता स्वयं है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो धीरज सांघी ने यूनिवर्सिटी के हाल की दौर में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए सालाना परफोर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना सर्वोपरी एवं प्रथम उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान प्रो चांसलर हर्षपति सिंघानिया ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। कार्यक्रम में प्रो वीसी आशीष गुप्ता, ऑफिशिएटिंग रजिस्ट्रार के के माहेश्वरी समेत विभिन्न डिपार्टमेंट के डायरेक्टर, फैकल्टी मेंबर, स्टूडेंट्स एवं पेरेंट्स समेत यूनिवर्सिटी के अन्य लोग उपस्थित थे। स्टूडेंट्स ने फाउंडर डे के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।